हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, रविवार, 22 दिसंबर 2024

# मेट्रो सिटी

## सुगंधित तंबाकू और खर्रा के कारखाने पर पुलिस का छापा

**नागपुर.** कलमणा पुलिस स्टेशन की टीम ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए सुगंधित तंबाकू और खर्रा बनाने के उपकरणों से भरे एक अवैध कारखाने पर धावा बोला। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से तंबाकू और खर्रा बनाने के लिए उपयोग में आने वाले उपकरण व सामग्री, जिनकी कुल कीमत 63,250 रुपये है, जप्त की। यह कार्रवाई 20 दिसंबर की रात को पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई। पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को सूचना मिली कि विजय नगर, दुर्गा चौक में स्थित एक घर में अवैध तरीके से सुगंधित तंबाकू का कारोबार चल रहा है। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी राजू अमरलाल साहू (35 ), विजय नगर, दुर्गा चौक, कलमणा निवासी को गिरफ्तार किया।

# फडणवीस सरकार का पहला शीतकालीन सत्र हुआ संपन्न

### >6 दिन के सत्र में राज्य के हित के मुद्दों पर काम हुआ



**नागपुर.**

महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार का नागपुर में पहला शीतकालीन सत्र संपन्न हुआ। इस सत्र में कुल 19 विधेयक पेश किए गए, जिसमें से 17 विधेयक मंजूर हुए हैं। एक विधेयक संयुक्त समिति के पास भेजा गया है, जबकि एक विधानसभा में प्रलंबित है। सत्र की समाप्ति पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विपक्ष पर विदर्भ के मुद्दे नहीं उठाने के आरोप लगाए। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि 6 दिन के सत्र में राज्य के हित के मुद्दों पर काम हुआ है। वहीं उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में सरकार का काम शुरू हुआ है, टीम वही है सिर्फ मैच नया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत में शिंदे ने कहा कि सभी योजनाएं पहले की महायुति सरकार की तरह शुरू रहेंगी।

विधानमंडल के इस शीतकालीन सत्र में विदर्भ के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं। शिंदे ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष के नेताओं ने विदर्भ के मुद्दे नहीं उठाए। विपक्ष इस पूरे सत्र में सिर्फ सीढ़ियों पर आंदोलन करते रहे। उन्होंने कहा कि भले ही विरोधियों की संख्या कम रही हो लेकिन फिर भी हमने उनकी शंकाओं का जवाब दिया। शिंदे ने कहा मुख्यमंत्री फडणवीस के नेतृत्व में हम टीम की तरह काम करेंगे। हमारी टीम वही है, सिर्फ मैच नया है। फडणवीस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में अजित पवार के मौजूद नहीं होने पर कहा कि अजित दादा बीड और परभणी के दौरे पर गए हैं, लिहाजा मीडिया उनकी गैरमौजूदगी को नाराजगी के तौर पर न बताए। फडणवीस ने कहा कि हमारा फोकस विदर्भ समेत महाराष्ट्र के सभी हिस्सों पर है। मुंबई की बेस्ट बसों की खस्ताहाल पर फडणवीस ने कहा कि बेस्ट मुंबई की लाइफलाइन है। जब मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे थे तो उन्होंने बेस्ट को मदद का भरोसा दिया था और नई बसों को खरीदने का आर्डर दिया था। यह कार्य तेज गति से शुरू होगा। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर बेस्ट को मनपा के अलावा राज्य सरकार भी मदद करेगी।

### शहरी नक्सलवाद पर फडणवीस ने कांग्रेस को घेरा

शहरी नक्सलवाद पर कांग्रेस को घेरते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि मैंने विधानसभा में भी शहरी नक्सलवाद को लेकर बात रखी है। मैं एक बार फिर कहता हूं कि देश भर के करीब 180 संगठन जो राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से जुड़े हुए थे, उन्हीं संगठनों को तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने प्रतिबंधित करने की मांग संसद में रखी थी। अब हमारी सरकार इस मामले की जांच फिर से शुरू की है कि यही 180 संगठन राहुल की भारत जोड़ो यात्रा से कब जुड़े थे। मैंने सिर्फ उन्हीं तथ्यों को सभी के सामने रखा है।

### फडणवीस शहरी नक्सलवादी संगठनों की जानकारी दें: पटोले

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने मुख्यमंत्री फडणवीस पर निशाना साधते हुए कहा कि शहरी नक्सलवाद को लेकर फडणवीस ने जो कांग्रेस पर आरोप लगाए हैं, उसकी जानकारी उन्हें सार्वजनिक करनी चाहिए। पटोले ने कहा कि किसी पर भी आरोप लगाने से कुछ नहीं होता है। वहीं शिवसेना (उद्धव) सांसद संजय राऊत ने कहा कि राहुल गांधी की भारत छोड़ो यात्रा में मैं भी शामिल हुआ था, इसलिए क्या मैं भी नक्सलवादी हो गया हूं।

# फिल्म निर्माता से 30 लाख की धोखाधड़ी

### > 2 करोड़ का कर्ज दिलाने के बदले मांगे थे 40 लाख




**नागपुर.** शहर के एक फिल्म निर्माता को दो करोड़ रुपए दिलाने का झांसा देकर उनसे 30 लाख रुपए की धोखाधड़ी की गई है। इस मामले में फिल्म निर्माता अमित परमेश्वर धुपे (44) की शिकायत पर अंबाझरी पुलिस ने 3 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोपियों में नीलम शिव, दिलीप पांडुरंग वानखेड़े और उसका बेटा शुभम वानखेड़े अकोला निवासी है। आरोपियों को अपराध शाखा पुलिस विभाग की यूनिट 2 के पुलिस निरीक्षक शुभांगी देशमुख के नेतृत्व में अकोला से गिरफ्तार कर अंबाझरी पुलिस के हवाले किया गया। आरोपियों से नकद जब्त किए जाने की जानकारी थानेदार विनायक कोल्हे ने दी है।

लिस के अनुसार रडके ले-आउट, एमआईडीसी, हिंगना रोड निवासी अमित धुपे का रामनगर चौक नागपुर स्थित तिरुपति एनक्लेव की दूसरी मंजिल पर 7 हार्स इंटरटेंमेंट प्रा. लि. कंपनी का प्रॉडक्शन हाउस का कार्यालय है। उन्होंने हिंदी फिल्म के लिए ऑडिशन लिया था। वह बैंक से कर्ज लेना चाहते थे। करीब 6 माह पहले उनकी मुलाकात नीलम शिव नामक मॉडल से हुई, तो उससे कर्ज के बारे में चर्चा की। उसने कहा कि उसके पार्टनर की सरकारी बैंक और राजनीतिक लोगों से अच्छा संपर्क है, वह 300 करोड़ रुपए तक प्राइवेट फाइनेंस से दिला सकते हैं। नीलम ने अमित को मोबाइल में कई नेताओं के फोटो दिखाकर विश्वास में ले लिया। उसके बाद अमित के कार्यालय में गजानन नगर अकोला निवासी दिलीप वानखेड़े को लेकर 14 सितंबर 2024 को पहुंची और मुलाकात कराई।

दिलीप ने अमित से कहा कि उसका बेटा शुमम वानखेड़े अकोला की एक बैंक में क्षेत्रीय प्रबंधक है। वह 8 दिन में उन्हें क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट माइक्रो एंड इंटरप्राइजेस (सीजीटीएमएस) योजना अंतर्गत 2 करोड़ रुपए बिना कोई प्रापर्टी गिरवी रखें, तो दिला सकता है। दिलीप जब कार्यालय में आया था तो उसके साथ दो गनमैन भी थे, उसके ताम-झाम को देखकर अमित धोखा खा गए। 2 करोड़ के लिए आरोपियों ने 40 लाख रुपए की प्रोसेसिंग फीस मांगी। वह 30 लाख रुपए दिलीप को आरटीजीएस कर दिए और 10 लाख रुपए कर्ज मंजूर होने के बाद देने की बात की। 18 सितंबर को अमित, नीलम के साथ दिलीप के घर अकोला गए, वहां पर शुभम से परिचय हुआ। अमित के खाते में रुपए ट्रांसफर करने की बात की गई, लेकिन कोई रुपए ट्रांसफर नहीं हुए और आरोपियों ने बातचीत करनी बंद कर दी। उसके बाद अमित ने पुलिस आयुक्त से मुलाकात कर आपबीती सुनाई। यह बात पता चलने पर दिलीप ने धमकी दी कि यह दुश्मनी महंगी पड़ेगी।

## देवेंद्र फडणवीस सरकार में मंत्रालयों का बंटवारा



**नागपुर.** महाराष्ट्र में लंबे इंतजार के बाद महायुति सरकार के मंत्रियों के विभागों का बंटवारा आखिरकार घोषित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गृह मंत्रालय अपने पास रखते हुए ऊर्जा और कानून एवं न्याय जैसे महत्वपूर्ण विभागों की भी जिम्मेदारी संभाली है। चंद्रशेखर बावनकुले को राजस्व विभाग की कमान सौंपी गई है, जो सरकार की नीतियों में अहम भूमिका निभाएगा। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्रियों के विभाग: मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गृह मंत्रालय अपने पास रखा है, जिससे कानून व्यवस्था पर सीधा नियंत्रण बनाए रखा जा सके। वहीं, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को नगर विकास और गृहनिर्माण विभाग सौंपा गया है, जबकि दूसरे उपमुख्यमंत्री अजित पवार को वित्त और राज्य उत्पादन शुल्क विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा के मंत्रियों को मिले विभाग: भाजपा के मंत्रियों को सरकार में बड़ी जिम्मेदारियां दी गई हैं। राधाकृष्ण विखे पाटील को जल संसाधन विभाग (गोदावरी और कृष्णा बेसिन) दिया गया है, जबकि गिरीश महाजन विदर्भ, तापी और कोकण बेसिन का प्रभार संभालेंगे। चंद्रकांत पाटील को उच्च व तकनीकी शिक्षा के साथ संसदीय कार्य विभाग मिला है। मंगलप्रभात लोढ़ा को कौशल विकास, गणेश नाईक को वन मंत्रालय, और जयकुमार रावल को विपणन और प्रोटोकॉल विभाग सौंपा गया है। वहीं, पंकजा मुंडे को पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और पशुपालन विभाग दिया गया है। अतुल सावे को ओबीसी, डेयरी विकास और नवीकरणीय ऊर्जा विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संतुलन साधने की कोशिश: इस विभागीय बंटवारे में भाजपा, शिवसेना (शिंदे गुट), और एनसीपी (अजित पवार गुट) के बीच संतुलन साधने की कोशिश की गई है। विभागों का यह बंटवारा महायुति सरकार के लिए नीतिगत फैसले लेने में सहायक होगा। मंत्रालयों का यह बंटवारा सरकार की प्राथमिकताओं और विकास के एजेंडे को दर्शाता है। अब देखना होगा कि नई जिम्मेदारियों के साथ मंत्री अपनी भूमिका को कैसे निभाते हैं और जनता की अपेक्षाओं पर कितना खरा उतरते हैं।

# फरवरी के पहले सप्ताह में होगा ऐतिहासिक हथियार प्रदर्शनी का उद्घाटन

### > शिवाजी महाराज के ऐतिहासिक हथियारों और बघनखों को देखने का सुनहरा मौका






**नागपुर.** छत्रपति शिवाजी महाराज के पराक्रम और शौर्य का प्रतीक माने जाने वाले उनके वाघनख और अन्य ऐतिहासिक हथियारों को प्रत्यक्ष देखने का अवसर नागपुर के लोगों को फरवरी के पहले सप्ताह से मिलेगा। महाराष्ट्र सरकार और भारत सरकार ने ब्रिटिश शासन से इन ऐतिहासिक वाघनखों को एक निश्चित अवधि के लिए विशेष प्रयासों से प्राप्त किया है।

यह प्रदर्शनी युवाओं, विद्यार्थियों, शिक्षकों, शोधकर्ताओं और इतिहास प्रेमियों को शिवाजी महाराज के शौर्य को करीब से समझने और अनुभव करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगी। इसकी जानकारी जिलाधिकारी डॉ. विपिन इटनकर ने दी।

इस ऐतिहासिक प्रदर्शनी का आयोजन नागपुर के मध्यवर्ती संग्रहालय में किया जाएगा। प्रदर्शनी की तैयारियों की समीक्षा बैठक आज जिलाधिकारी डॉ. विपिन इटनकर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में मनपा के अतिरिक्त आयुक्त अजय चारठाणकर, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनायक महामुनी, पुरातत्व विभाग की निदेशक नंदा राऊत, उपजिलाधिकारी अनुप खांडे, पुलिस उपायुक्त राहुल मदने, और संग्रहालय के संरक्षक मयूर खड़के सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

प्रदर्शनी का उद्घाटन 1 फरवरी को निर्धारित किया गया है, जो लगभग आठ महीने तक आम जनता के लिए खुली रहेगी। इसमें वाघनखों के अलावा छत्रपति शिवाजी महाराज के अन्य ऐतिहासिक हथियार और उनसे जुड़ी जानकारियां भी प्रदर्शित की जाएंगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि नागपुर और आसपास के जिलों की सभी स्कूलों, कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों के दौरे की योजना बनाई जाए ताकि अधिक से अधिक लोग इस प्रदर्शनी का लाभ उठा सकें। महाराष्ट्र सरकार ने जिलास्तरीय समिति का गठन किया है, जिसमें जिलाधिकारी अध्यक्ष हैं। समिति के सदस्य के रूप में पुलिस आयुक्त, पुलिस अधीक्षक, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता, शिक्षा अधिकारी और सूचना व जनसंपर्क अधिकारी शामिल हैं। समिति के सदस्य सचिव संग्रहालय के संरक्षक हैं। प्रदर्शनी का लाभ अधिक से अधिक विद्यार्थियों को मिल सके, इसके लिए जिलाधिकारी ने जिला परिषद, शिक्षा विभाग और इतिहास शोध संस्थाओं को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया है।

प्रदर्शनी के दौरान विद्यार्थियों को ऐतिहासिक घटनाओं की सही जानकारी देने के लिए विशेषज्ञों द्वारा विशेष व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्कूलों, कॉलेजों और अन्य स्थानों पर यह व्याख्यान आयोजित किए जाएं।

# नई घोषणाएं नहीं, वादे पूरे करने का वादा: फडणवीस

### >विदर्भ, मराठवाड़ा और बाकी महाराष्ट्र का करेंगे संतुलित विकास

**नागपुर.** विविध मांगों व उम्मीदों के जवाब में राज्य सरकार ने कोई नई घोषणा नहीं की है। केवल चुनाव के समय या उससे पहले किए गए वादे को पूरा करने का वादा किया गया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा है कि वर्तमान सरकार नई है। जिम्मेदारी बदली है। जो जिम्मेदारी एकनाथ शिंदे के पास थी वह मेरे पास और मेरी जवाबदारी शिंदे के पास है। लेकिन कामकाज के लिहाज से यह सरकार पुरानी ही है। ढाई साल पहले की सरकार के कार्य की निरंतरता जारी रखने वाली सरकार है। पिछली सरकार ने जो योजनाएं लायी और वादे किए उनको पूर्णत्व की ओर ले जाया जाएगा।

सोयाबीन,कपास के भाव व धान को बोनस के मामले में सरकार ने नया निर्णय नहीं लिया है। विदर्भ व मराठवाडा में विकास कार्यों व प्रकल्पों की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कि राज्य का संतुलित विकास किया जाएगा। शनिवार को विधानसभा में अंतिम सप्ताह प्रस्ताव पर चर्चा के जवाब में मुख्यमंत्री बोल रहे थे। चर्चा में 46 सदस्य सहभागी हुए थे। मुख्यमंत्री ने कहा-विदर्भ , मराठवाडा के सिंचाई प्रकल्प, औद्योगिक प्रकल्प को पूरा करेंगे। मराठवाडा के वाटरग्रिड प्रकल्प को पूरा किया जाएगा। गडचिरोली स्टील सिटी के रुप में विकसित हो रही है। गडचिरोली में इतना खनिज है कि वर्ष तक देश के आधे प्रकल्पों के लिए गडचिरोली के खनिज उपलब्ध हो सकते हैं। विदर्भ में सिंचाई क्षमता बढ़ाने के लिए वैनगंगा-पैनगंगा,नलगंगा नदी जोड प्रकल्प को 7 वर्ष में पूरा किया जाएगा। 88 हजार करोड के इस प्रकल्प से 10 लाख एकड जमीन सिंचित होगी। प्रकल्प के 550 किमी लंबी नदी तैयार होगी। नाग-पोहरा व पीली नदी का मलीन पानी वैनगंगा प्रकल्प की नदी में नहीं जाने देने के लिए प्रयास किया जाएगा। इससे औद्योगिक विकास में भी सहायता मिलेगी। सावनेर क्षेत्र में कन्हान नदी संवर्धन योजना मंजूर की गई है। इससे 3200 एकड जमीन सिंचित होगी।

वन व जल पर्यटन: विदर्भ में अंतरराष्ट्रीय स्तर का वन व जल पर्यटन विकसित किया जाएगा। अंभोरा में जलपर्यटन व भंडारा, नागपुर, चंद्रपुर,गोंदिया में वन पर्यटन शुरु किया जाएगा। गडचिरोली, चंद्रपुर, वर्धा, भंडारा व नागपुर में माइनिंग प्रकल्प पूरे किए जाएंगे। गडचिरोली में 50 हजार करोड का औद्योगिक निवेश हुआ है। चंद्रपुर में कोल गैसिफिकेशन प्लांट तैयार करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए एमओयू अर्थात सामंजस्य करार किया गया है। केंद्र सरकार की स्वीकृति भी मिल गई है। एशियन डेवलपमेंट बैंक की सहायता से नागपुर मेट्रो प्रकल्प 2 का कार्य पूरा किया जाएगा। अमरावती में टेक्सटाईल पार्क विकसित किया गया है।



**कृषि सहायता:** असमय बारिश से नुकसान के प्रभावित किसानों को 16,219 करोड रुपये की निधि दी गई है। धान उत्पादकों को पहले के समान प्रति हेक्टेयर 20 हजार रुपए का बोनस दिया जाएगा। वर्धा, अमरावती, अकोला व बुलढाणा जिले में 55 हजार किसानों को संतरा फसल का नुकसान हुआ। उन्हें सहायता के तौर पर तीन हेक्टेयर की सीमा के अनुरुप लगभग 165 करोड रुपये की सहायता की गई। सोयाबीन की खरीद 12 जनवरी तक शुरु रहेगी। कपास को भी योग्य भाव दिया जा रहा है। लोकसभा चुनाव के बाद सोयाबीन, कपास के भाव में वृद्धि हुई है। मध्यप्रदेश के समान राज्य में भी खरीदी व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं।

लातूर में वंदे भारत ट्रेन की कोच: लातूर में वंदे भारत ट्रेन की कोच की फैक्टरी तैयार की जा रही है। शिरुर से छत्रपति संभाजीनगर तक 14,886 करोड का ग्रीन फील्ड मार्ग तैयार किया जा रहा है। कोल्हापुर , सांगली के किसानों को राहत देने संबंधी अलमट्टी बांध की ऊंचाई बढ़ाई जा रही है। मुंबई गोव महामार्ग के कामों की अडचन दूर की गई है। ठाणे महानगरपालिका विकास प्रारुप के संबंध में योग्य निर्णय लेने के निर्देश अधिकारियों को दिए है।

**किसानों को राहत**

अवकाली बारिश से प्रभावित किसानों के लिए 16,219 करोड़ रुपये की मदद की गई है। धान उत्पादक किसानों को प्रति हेक्टेयर 20,000 रुपये का बोनस दिया जा रहा है। संत्रा किसानों को 165 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है। इसके अलावा, राज्य में 557 केंद्रों पर 23 लाख क्विंटल सोयाबीन की खरीदी की गई है।

**मराठवाड़ा का औद्योगिक विकास**

मुख्यमंत्री ने बताया कि औरंगाबाद और जालना औद्योगिक हब के रूप में उभर रहे हैं। लातूर में वंदे भारत ट्रेन की कोच फैक्ट्री और औरंगाबाद में टोयोटा प्रोजेक्ट से रोजगार के नए अवसर बन रहे हैं।

**फसल बीमा योजना की जांच**

मुख्यमंत्री ने कहा कि फसल बीमा योजना में हुए गड़बड़ियों की शिकायतों पर गहराई से जांच की जाएगी। बीड समेत अन्य जिलों में दोषियों पर कार्रवाई होगी।

**मुंबई-गोवा हाइवे और अन्य परियोजनाएं**

मुंबई-गोवा हाइवे की अड़चनों को दूर किया गया है और तेजी से काम चल रहा है। ठाणे महानगर विकास योजना और संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान के पुनर्वास के मामलों में भी सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि पिछले ढाई सालों में शुरू किए गए सभी प्रोजेक्ट्स को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा।

**35,788 करोड़ की मांगों को मंजूरी:**

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री बळीराजा मुफ्त बिजली योजना और मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहन योजना जैसे कार्यक्रमों को जारी रखने के लिए 35,788 करोड़ रुपये की बजटीय मांगें मंजूर की गई हैं। आपदा प्रभावित 55,000 संतरा किसानों को 165 करोड़ रुपये की सहायता दी गई है। कपास पर बोनस दिया गया है और सोयाबीन की रिकॉर्ड खरीद की गई है। यह खरीद 12 जनवरी तक जारी रहेगी।

**नागपुर मेट्रो के दूसरे चरण को हरी झंडी:**

नागपुर मेट्रो के दूसरे चरण के लिए एशियाई विकास बैंक के साथ समझौता किया गया है। इस परियोजना के लिए 0.72% ब्याज दर पर 20 वर्षों के लिए 3,586 करोड़ रुपये का वित्तीय सहायता मिलेगी। 'मित्रा' संस्था के जरिए 1,000 से अधिक आबादी वाले गांवों को कंक्रीट सड़कों से जोड़ने और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सशक्त बनाने के लिए भी एशियाई विकास बैंक से सहयोग मिलेगा।

**उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का बयान:**

उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि पिछले ढाई वर्षों में आम आदमी के जीवन को बदलने वाले कई फैसले लिए गए हैं। अब हमारी जिम्मेदारी और बढ़ गई है, और हम राज्य के संतुलित विकास और महिलाओं की सुरक्षा के लिए एक टीम के रूप में काम करते रहेंगे। स प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, मंत्री शंभूराज देसाई, संजय राठौड़, आशिष जयस्वाल और नितेश राणे भी मौजूद थे।

### विदर्भ की सिंचाई परियोजनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि विदर्भ की सिंचाई क्षमता बढ़ाने के लिए वैनगंगा-पैनगंगा-नलगंगा नदी जोड़ परियोजना को सात वर्षों में पूरा किया जाएगा। 88,000 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस परियोजना से 10 लाख एकड़ भूमि सिंचाई के तहत आएगी। नाग नदी सुधार परियोजना को भी मंजूरी मिल गई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना और अन्य सिंचाई परियोजनाओं से राज्य में किसानों को अधिक फायदा होगा।

### विदर्भ में पर्यटन और रोजगार

मुख्यमंत्री ने कहा कि गोसी खुर्द परियोजना के माध्यम से जल पर्यटन को बढ़ावा दिया जाएगा। अभोरा, भंडारा, नागपुर, चंद्रपुर और गोंदिया में वानिकी और जल पर्यटन के केंद्र स्थापित किए जाएंगे। यह परियोजनाएं अंतरराष्ट्रीय स्तर की होंगी और इससे रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

### औद्योगिक विकास की योजनाएं

गड़चिरोली, चंद्रपुर, वर्धा, भंडारा और नागपुर में खनिज आधारित परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। गड़चिरोली में 50,000 करोड़ रुपये की औद्योगिक निवेश हो चुका है। चंद्रपुर में कोल गैसीफिकेशन प्लांट और नागपुर मेट्रो प्रोजेक्ट-2 को भी मंजूरी मिली है।

# रामटेकेनगर टोली में डबल मर्डर मामला

### > नहीं मिला फरार अपराधियों का सुराग

**नागपुर.** अजनी थानांतर्गत रामटेकेनगर टोली में हुए डबल मर्डर की वारदात से जहां पुलिस के माथे पर बल पड़ गए हैं वही हत्या के बाद से ही फरार आरोपियों का अभी तक पुलिस को कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है। रंजिश के चलते 5 आरोपियों ने मिलकर पिता-पुत्र को मौत के घाट उतार दिया था. इस वारदात में रामटेकेनगर टोली, गली नंबर 4 निवासी विजय बजरंग सावरकर (54) और मयूर विजय सावरकर (27) का पुरानी विवाद के चलते शुक्रवार रात हत्या कर दी गई थी. हमलावरों में टोली के चर्चित अपराधी संदीप नाड़े, बादल गणेश कुर्वेती, शुभम गणेश कुर्वेती, 17 वर्षीय नाबालिग और 1 अज्ञात आरोपी का समावेश है. मयूर पर हत्या सहित गंभीर मामले दर्ज थे। पिता विजय के खिलाफ भी पुराने आपराधिक मामले दर्ज हैं।

दोनों बेलतरोड़ी रोड पर सावरकर फर्निचर नामक दूकान चलाते हैं. आरोपी संदीप नाड़े जुआ, सट्टा और हत्या की वारदातों में सक्रिय है. करीब २ महीने पहले शुभम और मयूर के बीच विवाद हुआ था. दरासल शुभम की दुकान के सामने एक शराबी बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ था और शुभम उसकी जेब चेक कर रहा था। उसे मयूर ने ऐसा करते हुए देख लिया था और उसे तब फटकार भी लगाई थी। इसी बात का गुस्सा शुभम के मन में था।

गुरुवार की शाम 4 बजे के दौरान शुभम अपने घर के समीप सुजाता बौध्द विहार के पास मोबाइल पर गेम खेलते बैठा था. तभी मयूर वहां पहुंचा और शुभम पुरानी बात को लेकर चिढ़ाने लगा इस बात को लेकर उनका झगड़ा हो गया। इस झगड़े में शुभम ने मयूर के

के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया. शुभम अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला. जख्मी अवस्था में अजनी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई. पुलिस ने मामला तो दर्ज कर लिया लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई. ऐसे में मयूर के हौसले बुलंद थे. शुभम का भाई बादल शुक्रवार की शाम 5.30 बजे के दौरान सावरकर फर्निचर के सामने सड़क की दूसरी तरफ बैठा था. मयूर उसके पास गया और शुभम से हुए विवाद के चलते उसकी टांग पर लोहे की रॉड से वार किया. भाई पर हमला होने की जानकारी मिलते ही शुभम, संदीप, नाबालिग और अज्ञात आरोपी वहां पहुंचे. शुभम के पास गुप्ति जैसा हथियार था. आरोपियों ने पहले मयूर के पिता विजय की छाती पर हथियार घोप दिया. इसके बाद मयूर को पकड़ा गया. सपा-सप धारदार हथियारों से वार कर आरोपी वहां से भाग निकले. काफी देर तक पिता-पुत्र घटनास्थल पर जख्मी अवस्था में पड़े रहे. अजनी पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल ले जाया गया. डाक्टर ने जांच कर दोनों को मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने 1 नाबालिग को हिरासत में लिया. इस मामले में बादल भी घायल है जिसे इलाज के लिए मेडिकल अस्पताल में दाखिल करवाया गया है।

CMYK

# सेवादल ने ज्ञापन सौंपकर की शाह को बर्खास्त करने की मांग

**कामठी.**

संसद में गृहमंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. भीमराव आंबेडकर पर की गई टिप्पणी के विरोध में शुक्रवार को कांग्रेस सेवादल के महाराष्ट्र प्रदेश संघटक राजकुमार गेडाम के नेतृत्व में एक ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम प्रेषित तहसीलदार गणेश जगदाले को सौंपा गया.

ज्ञापन में कहा गया कि गृहमंत्री अमित शाह ने भारतीय संविधान के शिल्पकार डॉ. अंबेडकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है, जिससे संविधान के प्रति विश्वास रखने वाले करोड़ों भारतीयों में भारी आक्रोश है. ज्ञापन में राष्ट्रपति से गृहमंत्री अमित शाह को उनके पद से बर्खास्त करने की मांग की गई. उन्होंने कहा कि शाह का बयान पूरी तरह से अपमानजनक है और हम बाबा साहेब का अपमान बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेंगे. उन्होंने मांग की कि शाह को सदन में पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए.



### शाह को पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए

ज्ञापन सौंपने वालों में महाराष्ट्र कांग्रेस सेवादल प्रदेश संघटक राजकुमार गेडाम, कांग्रेस कमेटी जिला महासचिव आबीद ताजी, पूर्व नगरसेवक निरज लोणारे, प्रमोद खोब्रागडे (अनु. जाती विभाग), युवा नेता डॉ. अभिषेक चिमणकर, अब्दुल सलाम अन्सारी, प्रकाश लाईनपाडे, मनोज रंगारी, लक्ष्मण सेवा, असित लोणारे, धनराज गोंडाणे, वसंता गोंडाणे, मनिष गजभिये, उमाशंकर भिवगड़े, उमेश यादव, प्रवेश चिमणकर, हाजी कुरैशी, बबन रंगारी, प्रशांत गणविर, सारंग नितनवरे, वैभव गजभिये सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# वाल्मीकि समाज ने विधायक श्याम खोड़े का किया स्वागत

**कामठी.**

अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के राष्ट्रीय आय.टी. सेल प्रभारी और वाल्मीकि बावनी पंचायत नागपुर विभागीय अध्यक्ष दिनेश बिल्लरवान के वाल्मीकि नगर स्थित निवास में वाशिम मगरूरपुर विधानसभा से समाज के नवनिर्वाचित विधायक श्याम खोडे द्वारा सदिच्छ भेंट दिए जाने पर दिनेश बिल्लरवान परिवार सहित महालक्ष्मी रचना बहुउद्देशीय संस्था रजि., वाल्मीकि समाज कल्याण मंडल कामठी और वाल्मीकि समाज के लोगों ने भगवान वाल्मीकि महर्षि की पूजा-अर्चना कर उनका शॉल व पुष्पगुच्छ प्रदान कर स्वागत किया. तत्पश्चात समाज के सामाजिक विकास व अन्य विषयों पर चर्चा की गई.



इस मौके पर सरपंच मनोहर टाकभवरे, भाजपा नेता सतीष कागदे, भाजपा कामठी शहर कार्याध्यक्ष राज हाड़ोती, महामंत्री नरेश कलसे, भाजपा युवा मोर्चा नागपुर जिला मंत्री रोहन बिल्लरवान, अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष रवि करोसिया, वाल्मीकि समाज के नेता किशोर उज्जैनवार, वाल्मीकि महासभा महाराष्ट्र प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश जाधव, राजु परदेसी, भाजपा पूर्व महिला शहर अध्यक्ष सौ. रचना बिल्लरवान, सामाजिक कार्यकर्ता प्रीतम उज्जैनवार, नितिन बिल्लरवान, मानव परदेसी, ऋषि झरोंदे, ओम मेहोलिया, अमर केलझरे सहित समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे.

# कैबिनेट मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले का होगा आज ऐतिहासिक स्वागत

**कामठी :**

रविवार को कैबिनेट मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले के कामठी शहर आगमन पर ऐतिहासिक स्वागत किया जाएगा. जगह- जगह तोरण द्वार बनाए जा रहे हैं तो अनेक स्थानों पर स्वागत समारोह आयोजित हैं. कार्यकर्ताओं में पूरा उत्साह तो स्वागत को लेकर जोश भी है. शहर के किराना ओली स्थित अग्रवाल भवन में दोपहर 3 बजे एवं रणाला गांव में इंदिरा नगर स्थित मातामाय मंदिर प्रांगण में शाम 5.30 बजे उनका सामूहिक अभिनंदन व स्वागत भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों की अगुवाई में होगा.

इससे पूर्व नगर के एक दर्जन स्थानों पर उनका स्वागत फूल- मालाओं से कार्यकर्ता करेंगे. इस स्वागत समारोह को पूरी तरह से ऐतिहासिक बनाने की तैयारी पूरी कर ली गई है. कहीं कोई कोर-कसर नहीं रहेगा.



यह बातें भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, ज़िला मंत्री सुनील खानवानी, ज़िला सदस्य राजेश उर्फ लाला खंडेलवाल, अनुसूचित जाति विदर्भ सोशल मीडिया संयोजक पुष्पराज मेश्राम, मा. अध्यक्ष चंद्रशेखर तूप्पट, छावणी परिषद मनोनीत सदस्य कमल उर्फ लालू यादव, शहर महामंत्री विनोद संगेवार, शहर महामंत्री विजय कोंडुलवार, संपर्क प्रमुख पंकज वर्मा, प्रसिद्धि सहप्रमुख आशुतोष अवस्थी, डॉ. महेश महाजन, पंचायत समिति पूर्व उपसभापति बालू गवते, छावनी परिषद पूर्व उपाध्यक्ष दिनेश स्वामी, पूर्व सदस्य प्रमेंद्र यादव, अल्पसंख्यक तालुका अध्यक्ष अफ़सर खान, रणाला ग्राम पंचायत सरपंच पंकज विमल नागोराव साबरे, खैरी ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच बंडू कापसे, भीलगांव अध्यक्ष भास्कर भनारे, भीलगांव पूर्व अध्यक्ष प्रशांत नायडू, रणाला अध्यक्ष सुनील मोहोड़, छावनी क्षेत्र अध्यक्ष किरण दिनेश स्वामी, रेलवे सलाहकार समिति सदस्य जयप्रकाश उर्फ बबलु तिवारी, रणाला ग्राम पंचायत सदस्य प्रदीप उर्फ बाल्या सपाटे, सदस्य अरविंद डोंगरे, सदस्य आमिर ख़ान, सदस्य स्वप्नील फुकटे,सदस्या सुनीता चंद्रशेखर नंदेश्वर, सदस्या स्मिता महेंद्र भोयर ने शनिवार को कही. कहा कि कामठी शहर की सीमा में प्रवेश करते ही स्वागत का क्रम शुरू हो जाएगा जो देर शाम तक चलता रहेगा." मंत्री बनने के बाद उनके प्रथम आगमन पर स्वागत को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है. पदाधिकारी, कार्यकर्ता खुद इसको लेकर तैयारी कर रहे हैं.

# गुरु बिना सफल जीवन की कामना नहीं: डॉ. गुंजन

**सावनेर.**

शहर की अग्रगण्य शिक्षण संस्था सेंट जॉन मिशन कान्वेंट मे स्नेहसंमेलन की उपस्थिति मे संपन्न हुआ. इस अवसर पर छात्र छात्राओं विभिन्न वेशभूषा में अपनी प्रस्तुति देकर उपस्थिती मान्यवरो तथा अभिभावकों की वाहवाही लुटी

सेंट जॉन मिशन कॉन्वेंट सावनेर के वार्षिक स्नेहसंमेलन का शुभारंभ सेंट जॉन मिशन कॉन्वेंट के पूर्व छात्र तथा शहर के उदयमान अस्थिरोग तज्ञ डॉ.गुंजन धुंडेले, तथा हृदय रोग तज्ञ डॉ. तनू धुंडेले के हाथो डगलस मेमोरियल चर्च के फादर तथा संस्था के प्रिंसिपल डॉ. रेव मार्क साखरपेकर, संस्था की मॅनेजिंग डायरेक्टर सौ. पुष्पा साखरपेकर आदि की उपस्थिति में फीता काटकर संपन्न हुआ.

इस अवसर संस्था के संस्थापक आचार्य स्व. मधुकर साखरपेकर के फोटो को माल्यार्पण कर उनकी स्मृतियों को याद किया गया. इस अवसर पर पर उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की मुझे आज गर्व महसूस हो रहा है की जिस सेंट जॉन मिशन कॉन्वेंट मे मैने प्राथमिक शिक्षा ग्रहण की, जिस मंच पर मैंने बचपन में डांस कीये उस मंच तथा संस्थामे मुझे वार्षिक स्नेहसंमेलन मे सपत्नीक प्रमुख उपस्थिती के रूप में साखरपेकर सर ने आमंत्रित कर गुरु शिष्य परंपरा की अनूठी मिसाल पेश की.इस सम्मान के लिए मै हमेशा आभारी रहूँगा.आज अगर मै अपने जीवन में सफल हुआ हुँ तो इसका श्रेय सेंट जॉन कान्वेंट तथा यहां के शिक्षकों को जाता है जिन्होंने मेरी प्राथमिक पढ़ाई में मुझ पर परिश्रम किया.



जिसकी वजह से आज मै इस मुकाम पर पहुँचा हूँ.मै छात्रों तथा उनके अभिभावकों से विनंती करता हु की अगर स्कुल मे बच्चो को पढते वक्त अगर शिक्षक आपके बच्चों को डांटते है तो उसे अन्यत्र ना ले शिक्षक कभी भी अपने छात्रों का बुरा सोच ही नही सकते. इसलिए कोई भी कदम उठाने से पहले अपने बच्चों को के साथ शिक्षक तथा संस्थान के वरिष्ठ से बात कर समाधान पूर्व निर्णय ले ऐसे विचार इस अवसर पर व्यक्त कर उपस्थित छात्रों को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाऐ दी. वही प्रमुख उपस्थित डॉ. तनू धुंडेले ने अपने संबोधन कहा की यह बचपन की उम्र है जहा हमे खेल के साथ साथ अपने पढ़ाई पर भी ध्यान देना है.

ताकी हमारा भविष्य उज्वल हो सके इसके लिए आपको आपकी सही दिनचर्या बनानी होगी जिसमें स्कूल तथा शिक्षक द्वारा दिया गया होमवर्क, पढाई और अधिकतर जमीनी खेल खेले कृपया पालक वर्ग बच्चो को मोबाईल से दुर रखे ऐसे विचार व्यक्त किये.

इस अवसर पर संस्था के जाँय साखरपेकर, पालक वर्ग से रुपाली वाढीकर, प्रमोद लाहबर, किरण अंदे, विनोद वाघ, शारदा वाढबुधे, विनोद कमाले, महेश सोमकुवर, दिव्यानी निनावे, राजु ठाकरे आदी पालकवृंद सहित छात्रों के अभिभावक व छात्र छात्राएं उपस्थित थे. वार्षिक स्नेहसंमेलन के सफलतार्थ विजय जाधव, लीला भोले, सुरज नारनवरे, तेजस निकोसे, प्रतीक ढोके सहित सभी शिक्षक तथा शिक्षकेत्तर कर्मियों ने परिश्रम लिया.

# कमिंस कॉलेज ने किया स्वास्थ्य सर्वेक्षण कार्यक्रम आयोजित

**नागपुर.**

कमिंस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग फॉर वुमेन, नागपुर की एनएसएस युनिट ने दत्ता मेघे आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, अस्पताल और अनुसंधान केंद्र के सहयोग से 16 दिसंबर 2024 को स्वास्थ्य सर्वेक्षण कार्यक्रम "देश की प्रकृति" का सफलतापूर्वक संचालन किया। भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के निर्देशों के अनुसार, स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देना और प्रतिभागियों को मुफ्त आयुर्वेदिक स्वास्थ्य परामर्श प्रदान करना है।

इस मूल्यांकन का उद्देश्य प्रतिभागियों को उनकी शारीरिक और मानसिक संरचना को समझने में मदद करना है, जिससे वे बेहतर स्वास्थ्य के लिए जीवनशैली और आहार संबंधी आदतों को अपनाने में सक्षम हो सकें। दत्ता मेघे आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के आयुर्वेदिक चिकित्सकों और विशेषज्ञों ने व्यक्तिगत स्वास्थ्य सलाह प्रदान की और प्रतिभागियों के स्वास्थ्य का विश्लेषण किया।





मूल्यांकन में व्यक्तियों में प्रमुख ऊर्जाओं को समझना और तदनुसार जीवनशैली और आहार में बदलाव का सुझाव देना शामिल है। स्वास्थ्य सर्वेक्षण में कुल 200 से अधिक छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। छात्र अपने व्यक्तिगत स्वास्थ्य और इसके स्वास्थ्य संबंधी प्रभावों को समझने को लेकर उत्साहित थे। आयुर्वेदिक विशेषज्ञ प्राकृतिक, निवारक और समग्र स्वास्थ्य प्रथाओं को अपनाने के महत्व पर जोर देते हैं। प्रतिभागियों को आयुर्वेदिक प्रथाओं के माध्यम से वात, पित्त और कफ ऊर्जा में असंतुलन के प्रबंधन के बारे में शिक्षित किया गया।

स्वास्थ्य सर्वेक्षण एक बड़ी सफलता थी, जिसने आयुर्वेदिक स्वास्थ्य मूल्यांकन में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान की और छात्रों के बीच समग्र स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाई। प्रतिभागियों ने निःशुल्क व्यक्तिगत स्वास्थ्य सलाह प्राप्त करने के अवसर के लिए आभार व्यक्त किया। इस तरह की पहल स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व और समग्र कल्याण के लिए आयुर्वेद की भूमिका को सुदृढ़ करती है।

प्राचार्य डॉ. मिलिंद खानापुरकर ने एनएसएस युनिट और स्वयंसेवकों द्वारा की गई कड़ी मेहनत की सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए डीन ऑफ एक्टिविटीज प्रो. योगेश दांडेकर, एनएसएस युनिट समन्वयक प्रो. नेहा उत्तरवार और स्वयंसेवक सृष्टि खिरतकर, भाविका शाह, समृद्धि होले और दिव्या रेखाटे ने योगदान दिया। कमिंस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग फॉर वुमेन की एनएसएस युनिट कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए दत्ता मेघे आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज, अस्पताल और अनुसंधान केंद्र और सभी प्रतिभागियों को ईमानदारी से धन्यवाद देती है।

# 1 जनवरी को भीमा कोरेगांव में शौर्य दिवस का आयोजन

**खापरखेड़ा.**

बुधवार 1 जनवरी बुधवार को शाम 6 बजे खापरखेड़ा (चिंचोली) बुद्ध विहार में भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है. इस अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन चिंचोली ग्राम पंचायत की सरपंच मिनाक्षीताई तागड़े और कार्यक्रम के अध्यक्ष भारतीय बौद्ध महासभा शाखा चिंचोली के अध्यक्ष शैलेश पाटिल तथा मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत चिंचोली के सदस्य अजय सहारे , महामाया प्रबुद्ध महिला मंडल की अध्यक्ष मायाताई पाटील, शिक्षक किशोर पाटील एवं मुख्य मार्गदर्शक लॉ कॉलेज के प्राध्यापक अनिकेत मुन प्रमुखता से उपस्थित रहेंगे.

कार्यक्रम पश्चात प्रबोधनपर गित गायन तनुजा भिम गित गायन संच साकोली के तनुजा अमित नागदेवे सादर करेंगे.बतौर कार्यक्रम के मुख्य आयोजक महामाया प्रजापति महिला मंडळ व भारतीय बौद्ध महासभा शाखा चिंचोली इन्होंने ज्यादा से ज्यादा संख्या में बौद्ध उपासक, उपासिकाए सह नागरिकों ने उपस्थित रहने का आवाहन किया।



# कॉन्ट्रैक्टर संगठन ने की मंत्री बावनकुले से भेंट

**खापरखेड़ा.**



थर्मल पावर स्टेशन के ठेकेदार संगठन ने राज्य के कैबिनेट मंत्री दर्जा मिलने पर चंद्रशेखर बावनकुले पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया, अभिनंदन करते हुए कोराडी खापरखेड़ा ठेकेदारों की अनेक समस्याओं का निवेदन सौंपा,

जिसमें बावनकुले निवेदन की समस्याओं को महाजेनको के एमडी से फोन पर चर्चा करके 21 दिसंबर दोपहर 1:30 बजे वीआईपी गेस्ट हाउस में ठेकेदारों की समस्याओं पर चर्चा करके उनकी समस्याओं को हल करने का बताया गया, ठेकेदार संगठन के सर्वश्री शांताराम गावंडे, राजेश रंगारी, मोहन जैन, दिलीप बन्सोड, जया बरडे, भरत पटेल, कुणाल भोस्कर, प्रवीण धोटे, रमेश लोणारे, महेश अढाऊ , अनिल भोयर,चंद्रकांत तुपकर आदि उपस्थित थे.

# महिला सशक्तिकरण के लिए जागरूकता अभियान

**कामठी.**

किशोरी भोयर कॉलेज ऑफ फार्मेसी राष्ट्रीय सेवा योजना और एपीटीआई महिला मंच ने गादा गांव की महिलाओं के लिए स्वास्थ्य, स्वच्छता और शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया. इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने और समाज में सतत विकास लाने के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरण प्रदान करना था.

एपीटीआई महिला मंच की राष्ट्रीय सह संयोजक डॉ. रश्मि त्रिवेदी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं. उन्होंने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया, जिससे महिलाएं सोच-समझकर निर्णय लेने और अपनी सामाजिक-आर्थिक स्थिति बढ़ाने में सक्षम होंगी. उन्होंने महिलाओं के समग्र स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक आहार के महत्व और विशेष रूप से मासिक धर्म स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर भी प्रकाश डाला, ताकि स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से बचा जा सके.



### > शिक्षा के महत्व पर जोर दिया

सत्र का मुख्य आकर्षण विचारोत्तेजक फिल्म लापता लेडीज की स्क्रीनिंग थी. महिलाओं के सामने आने वाली विभिन्न सामाजिक चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए, फिल्म ने उपस्थित महिलाओं को प्रभावित किया और उन्हें महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के लिए प्रेरित किया. फिल्म के बाद, टीम ने महिलाओं को अपने विचार और चिंताएँ साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे अनुभव समृद्ध हो गया.

मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए सत्र के दौरान सभी महिलाओं को सैनिटरी नैपकिन वितरित किए गए. इस पहल ने न केवल तत्काल आवश्यकता को पूरा किया, बल्कि स्वास्थ्य और आत्म-देखभाल के महत्व पर भी प्रकाश डाला. सत्र में लगभग 130 महिलाओं को लाभ हुआ, और उन्हें प्रदान की गई जानकारी और सहायता के लिए आभार जताया गया. एपीटीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मिलिंद उमेकर और महिला मंच की राष्ट्रीय संयोजिका डॉ. वंदना पत्रावले ने कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया. कार्यक्रम की योजना एवं क्रियान्वयन एनएसएस अधिकारी डॉ. यह मयूर काले और सुश्री सुप्रिया सिधये के मार्गदर्शन में किया गया.

उनके समर्पण के कारण कार्यक्रम का सुचारू कार्यान्वयन और सफलता मिली. यह पहल महिलाओं के सशक्तिकरण और सामुदायिक सेवा के क्षेत्र में उनके काम के लिए उपयोगी थी. ग्रामीण क्षेत्रों में एसकेबीसीओपी और एपीटीआई महिला मंच समाज में महत्वपूर्ण सामाजिक समस्याओं के सक्षमीकरण और समाधान खोजने के लिए महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के प्रयास आवश्यक है.

### महिलाओं की प्रतिक्रिया बदलाव लाने में मजबूत

इस पहल में महिलाओं की जबरदस्त प्रतिक्रिया और भागीदारी सकारात्मक बदलाव लाने और मजबूत, स्वस्थ समुदायों के निर्माण में ऐसी पहल के महत्व को रेखांकित करती है. ग्रामीण महिलाओं के कल्याण और सशक्तिकरण के लिए एसकेबीसीओपी और एपीटीआई महिला मंच द्वारा किए गए प्रयास समाज में महत्वपूर्ण सामाजिक समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित करने और उनका समाधान खोजने के लिए आवश्यक हैं. इस पहल में महिलाओं की जबरदस्त प्रतिक्रिया और भागीदारी सकारात्मक बदलाव लाने और मजबूत, स्वस्थ समुदायों के निर्माण में ऐसी पहल के महत्व को रेखांकित करती है.

# सरपंच सरिता रंगारी ने नगर पंचायत के विरोध में याचिका दाखिल की

**कामठी.**

येरखेड़ा ग्राम पंचायत सरपंच सरिता रंगारी और तीन सदस्यों ने बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर बेंच में याचिका दायर कर येरखेड़ा ग्राम पंचायत को नगर पंचायत गठन की प्रक्रिया को अमान्य करने की मांग की है. कोर्ट ने ग्रामीण विकास विभाग के सचिव, जिलाधिकारी, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और गट विकास अधिकारी को नोटिस जारी कर 13 जनवरी तक जवाब पेश करने का निर्देश दिया.

याचिका पर न्यायमूर्ति नितिन सांबरे और न्यायमूर्ति वृषाली जोशी के समक्ष सुनवाई हुई. कामठी तालुका में येरखेड़ा ग्राम पंचायत का चुनाव 6 जनवरी, 2023 को हुआ था. इस बीच, गट विकास अधिकारी ने 11 जुलाई 2024 को येरखेड़ा ग्राम पंचायत सरपंच को एक पत्र जारी कर ग्राम पंचायत को नगर पंचायत में परिवर्तित करने के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने को कहा.




इसके बाद येरखेड़ा ग्राम पंचायत ने इस प्रक्रिया के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया. याचिकाकर्ताओं ने कहा कि राजनीतिक दबाव के कारण प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है. याचिकाकर्ताओं के मुताबिक, जब तक पांच साल का कार्यकाल पूरा नहीं हो जाता तब तक फैसला नहीं लिया जा सकता. याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रवीन्द्र खापरे एवं अधिवक्ता अनूप डांगोरे ने मामले की पैरवी की.

# अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का किया ऑनलाइन आयोजन

**नागपुर.** नागपुर की महिला कमिंस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग द्वारा एआईसीटीई द्वारा प्रायोजित 6 दिवसीय ऑनलाइन अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम 2024-25 का आयोजन 9 दिसंबर से 14 दिसंबर 2024 तक किया गया। यह कार्यक्रम अमेरिकन सोसाइटी ऑफ मटेरियल्स इंटरनेशनल पुणे चैप्टर के सहयोग से आयोजित किया गया। इस फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम में शाश्वत विकास के लिए सामग्री, बायो-मटेरियल्स, नैनो-मटेरियल्स, कंपोजिट्स, प्राचीन सामग्री तकनीक और संरक्षण। कार्यक्रम में भारत और विदेश के प्रमुख संस्थानों और विश्वविद्यालयों के विशेषज्ञ वक्ताओं ने मार्गदर्शन किया। इनमें वसंत मेहरकुरे (सेवानिवृत्त) कमिंस इंडिया लिमिटेड, प्रशांत के, वीएनआइटी नागपुर के डॉ. ए.एस. ढोबले, टोरंटो मेट्रोपोलिटन यूनिवर्सिटी के डॉ. रवी, डॉ. एच. गाडे एमएनआइटी जयपुर, डॉ. एम. कोरी, बेळगाव, एनआइटी सिलचर के डॉ. ए. देवघरे, उदयन पाठक (निवृत्त) टाटा मोटर्स, डॉ. विजय डिडोलकर, जीएचआरसीई नागपुर के डॉ. लौकिक राऊत, गोयल इंडस्ट्री पुणे के प्रदीप गोयल, डीआरडीओ अंबरनाथ के डॉ. विजय निंबाळकर और कनाडा के डॉ. बर्नोली ए. शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन कमिंस कॉलेज नागपुर के प्राचार्य डॉ. मिलिंद खानापूरकर और यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग के प्रमुख डॉ. शैलेश खेकळे के मार्गदर्शन में प्रा. प्रसन्न महानकर, प्रा. योगेश दांडेकर, यांत्रिकी विभाग के प्राध्यापक और निखिल सेंगर द्वारा किया गया।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 180-9 | 558-8 |
| श्रीदेवी नाईट | 699-4 | 380-1 |
| प्रभात | 260-8 | 247-3 |
| प्रभात नाईट | 456-5 | - |
| डायमंड | 380-1 | 456-5 |
| मेन बाजार | - | - |
| मिलन डे | 470-1 | 239-4 |
| मेन रतन | 240-6 | 560-1 |
| कल्याण | 114-6 | 367-6 |
| राजधानी डे | 266-4 | 127-0 |
| राजधानी नाईट | - | - |
| कुबेर डे | - | - |
| डायमंड नाईट | 589-2 | 260-8 |

CMYK

# गोंदिया में ट्रेनें विलंब से चलने से यात्री परेशान

> मालगाड़ियों को दी जा रही है प्राथमिकता

**सड़क अर्जुनी.**

गोंदिया से बल्लारशाह और बल्लारशाह से गोंदिया ट्रेनें ट्रेनें प्रतिदिन प्र पांच से छह घंटे देरी से चलती हैं, जिससे इन ट्रेनों को समय पर चलाने, साथ ही जबलपुर से चांदाफोर्ट और चांदाफोर्ट से जबलपुर ट्रेनों का स्टॉपेज सौंदड़, देवलगांव, वड़सा स्टेशनों पर स्टापेज दिया जाए. ऐसी मांग नियमित यात्री संघ की ओर से एक ज्ञापन के माध्यम से की गई है. इस संदर्भ में 12 दिसंबर को नियमित रेल यात्री संघ की ओर से भारत सरकार के रेल मंत्री, रेल प्रबंधक नागपुर मंडल नागपुर, भंडारा-गोंदिया लोकसभा सांसद डा. प्रशांत पडोले को ज्ञापन सौंपा गया. गोंदिया से सुबह ट्रेन नंबर 08802 और शाम को बल्लारशाह से छुटनेवाली ट्रेन नंबर 08801 हर दिन 1 से 2 घंटे की देरी से चलती है.

5 घंटे की यात्रा में प्रतिदिन 7 से 8 घंटे लगते हैं. इससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. चूंकि कई लोग गोंदिया से आगे यात्रा करते हैं, इसलिए अगले स्टेशन की कनेक्टिंग ट्रेन अक्सर छूट जाती है, इसलिए यात्रियों को आगे की यात्रा करने में कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. ट्रेन नंबर 22174 जबलपुर से चांदाफोर्ट और ट्रेन नंबर 22173 चांदाफोर्ट से जबलपुर, जबलपुर से निकलने के बाद इस ट्रेन का स्टापेज मदनमहल, नैनपुर जंक्शन, बालाघाट जंक्शन पर है और गोंदिया से निकलने के बाद चांदाफोर्ट के बीच केवल नागभीड़ रुकती है.

नियमित यात्रा करने वाले यात्रियों ने अनुरोध किया है कि यह ट्रेन गोंदिया और चंदाफोर्ट के बीच सौंदड़, देवलगांव, वडसा में भी रुके. ट्रेन नंबर 08802 गोंदिया से सुबह 7.40 बजे रवाना होने का समय है, लेकिन समय पर रवाना होने के बावजूद यह अगले स्टेशन ब्रह्मपुरी के लिए हर दिन 45 मिनट से 1 घंटे की देरी से चलती है. बल्लारशाह पहुंचने में 2 घंटे की देरी लगती है.

यात्री ट्रेनों को नजरअंदाज कर मालगाड़ियों को चलाया जाता है, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी होती है, इसलिए यात्रियों ने रेलवे प्रशासन से अनुरोध किया है कि कृपया इस ओर ध्यान दें और यात्री ट्रेनों को समय पर चलाएं.

रेल लाइन का दोहरीकरण की मांग ट्रेन नंबर 08801 गोंदिया के पहले हिरडामाली स्टेशन पर पहुंचने के बाद हर शाम 1 से 2 घंटे के लिए रुकती है. गोंदिया स्टेशन पर प्लेटफॉर्म खाली होने के बावजूद ट्रेन को आउटर लेवल पर 1 से डेढ़ घंटे तक रोका जाता हैं.



### यात्रियों को किया नजरअंदाज

यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है. बरौनी एक्सप्रेस का गोंदिया स्टेशन से प्रस्थान का समय रात 9.15 बजे है और इसे प्लेटफार्म नं. 2 से 10 बजे छोड़ा जाता है जिससे ट्रेन क्र. 08801 को आउटर पर 1 से डेढ़ घंटे तक रोका जा रहा है. इसलिए इस ट्रेन को प्लेटफार्म नं. 5 या 6 से छोड़ा जाए. जबलपुर से गोंदिया रूट पर रेलवे ट्रैक का दोहरीकरण पहले ही पूरा हो चुका है. बल्लारशा से गोंदिया तक रेल लाइन का दोहरीकरण किया जाना चाहिए, ताकि विकास कार्य को गति मिल सके ऐसी मांग नियमित रेल यात्रियों द्वारा की जा रही है.

# अदालत में 9438 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निपटारा



**भंडारा.**

गोंदिया जिले में 14 दिसम्बर 2024 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में पक्षकारों द्वारा कुल 9438 प्रकरणों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। यह लोक अदालत मा. राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, उच्चतम न्यायालय, दिल्ली एवं मा. महाराष्ट्र राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण, उच्च न्यायालय, बॉम्बे के निर्देशन में आयोजित की गई। ए. टी. वानखेड़े, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मुख्य जिला एवं सत्र न्यायाधीश, गोंदिया के मार्गदर्शन में, इस लोक अदालत का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर एन. के. वालके, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गोंदिया एवं अन्य न्यायिक अधिकारी, वकील और न्यायिक कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद, ए. टी. वानखेड़े ने लोक अदालत के लाभ और महत्व के बारे में मार्गदर्शन किया। लोक अदालत के दौरान विभिन्न प्रकार के सिविल, आपराधिक और पूर्व-न्यायिक मामलों का निस्तारण किया गया। जिला न्यायालय में लंबित 1664 सिविल वादों में से 77 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें 3,60,86,507/- रुपये की वसूली की गई। वहीं, 3339 आपराधिक मामलों में से 1034 मामलों का निस्तारण किया गया, जिससे 1,34,59,354/- रुपये की वसूली हुई। कुल मिलाकर, 36503 मामलों में से 9438 मामलों का निस्तारण किया गया और 6,86,13,749/- रुपये की वसूली की गई। इस लोक अदालत में बिजली, पानी, टेलीफोन, बैंक वसूली, महावितरण के पूर्व न्यायिक मामलों में समझौते के माध्यम से बकाएदारों के मामलों का निस्तारण किया गया, जिससे उन्हें भविष्य के कानूनी खर्चों और मानसिक पीड़ा से बचाया गया। गोंदिया के जिला न्यायालय में इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में पी. बी. अंकर, अधीक्षक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गोंदिया, पी. एन. गजभिये, सुशील गेदाम, के. एस. चौरे, एल. एक. दर्वे, प्रीति जेंगाथे और अन्य कोर्ट स्टाफ ने अथक परिश्रम किया। इस आयोजन से कई पक्षकारों ने संतुष्टि व्यक्त की और इसे न्याय व्यवस्था के सुलभ होने के रूप में देखा।

# सुशासन सप्ताह का शुभारम्भ

**भंडारा.** केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों को देने तथा इस संबंध में नागरिकों की शिकायतों का समाधान करने के लिए केंद्रीय लोक शिकायत निवारण एवं पेंशन विभाग के माध्यम से कल से सुशासन सप्ताह का आयोजन किया गया है. इस सप्ताह विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस संबंध में जिला प्रशासन के माध्यम से दिये गये निर्देश के तहत सभी कार्यालयों को 19 से 24 दिसंबर तक सुशासन सप्ताह मनाने का निर्देश दिया गया है. नागरिकों की शिकायतों का निवारण करना, उन्हें सुविधाजनक सेवाएँ प्रदान करना, जिला, उपखण्ड, तहसील स्तर पर योजनाओं का समय पर कार्यान्वियन करना। केंद्रीय विभाग ने इस संबंध में एक शिविर आयोजित करने का सुझाव दिया है और जिला कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि इसे जिले में लागू किया जाएगा. उक्त शिविर में नागरिकों की शिकायतों का निवारण, हमारी सरकार के साथ विभिन्न पोर्टलों पर प्राप्त शिकायतों का निवारण, ऑनलाइन सेवाओं का समय पर निपटान, सेवाएं प्रदान करने के लिए ऑनलाइन प्रणाली का अधिकतम उपयोग आदि के निर्देश दिए गए हैं। इसलिए कलेक्टर कोलटे ने नागरिकों से इस सप्ताह 19 दिसंबर से शुरू होने वाले विभिन्न शिविरों में बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील की है.

# 78 प्रगणक और 16 पर्यवेक्षक 864 गांवों में पशु गणना करेंगे

**भंडारा.**



भंडारा जिले में 21वीं पंचवार्षिक पशुधन जनगणना अभियान 25 नवंबर, 2024 को शुरू हुआ और 28 फरवरी, 2025 तक जारी रहेगा। ग्रामीण क्षेत्रों के 864 गांवों में पशुधन की जानकारी एकत्र करने के लिए 78 प्रगणक और 16 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। पशुधन जनगणना का दायरा: इस जनगणना में गाय, भैंस, बकरी, भेड़, सूअर, घोड़े, पोल्ट्री पक्षियों सहित पशुपालन के लिए उपयोग की जाने वाली मशीनरी को दर्ज किया जाना है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक तीन हजार परिवारों पर एक प्रगणक नियुक्त किया गया है।

इस गणना का मुख्य उद्देश्य पशुधन पर सटीक जानकारी एकत्र करना और टीकाकरण, दवा आपूर्ति और सरकारी योजनाओं के कार्यान्वयन के लिए आधारभूत जानकारी तैयार करना है। यह सारी जानकारी केंद्र सरकार के पशुपालन विभाग द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर में दर्ज की जाएगी। सभी गणनाकारों और पर्यवेक्षकों का चयन उन लोगों में से किया जाता है जिन्होंने पशुधन पर्यवेक्षक डिप्लोमा पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है। इन्हें गणना के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जाता है। जिला पशुपालन उपायुक्त डॉ. अन्नू वरारकर ने अपील की है कि पशुपालक प्रगणकों को सही जानकारी उपलब्ध कराएं. इससे पशुपालन से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेना आसान हो जाएगा। आज आयोजित जिला बैठक में कलेक्टर डॉ. ने निर्देश दिये कि 864 गांवों के ग्रामीण इस गणना में सहयोग करें। संजय कोलटे द्वारा दिया गया। जिला प्रशासन ने गणनाकारों से अपील की है कि वे घर आने पर अपने पशुओं के बारे में पूरी जानकारी दें। पशुधन गणना के आधार पर सरकारी नीतियां बनाई जाएंगी और धन आवंटन योजना तय की जाएगी। इसलिए जिला प्रशासन ने प्रत्येक पशुपालक से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है.

# युवतियों ने आयु संविदा जीआर के संबंध में सौंपा ज्ञापन

**भंडारा.**

पुलिस भर्ती 2024-25 संवर्ग के पदों हेतु विज्ञापन प्रकाशित कर पुलिस कांस्टेबल आयु संविदा जीआर के प्रकाशन के संबंध में माननीय देवेन्द्र फडणवीस मुख्यमंत्री एंव गृहमंत्री को ज्ञापन जिलाधिकारी के मार्फत दिया गया. मुख्यमंत्री को अनुरोध किया गया है कि प्रदेश के लाखों युवा महाराष्ट्र पुलिस बल में भर्ती होकर सेवा करने का सपना लेकर दिन- रात तैयारी कर रहे हैं. इस वर्ष उत्सव 2024-25 के दौरान गृह विभाग में कई पद रिक्त हैं और 31 दिसंबर से पहले विज्ञापन प्रकाशित करें और पुलिस भर्ती फॉर्म भरना शुरू करें.

पिछली भर्ती में तकनीकी बाधा के कारण युवा भर्ती से वंचित रह गए थे साथ ही आयु अनुबंध के संबंध में कहा कि सभी बच्चों को 1 जनवरी 2022 से 31 दिसंबर 2024 तक आयु अनुबंध जीआर हटाया जाए और पुलिस भर्ती का विज्ञापन निकाला जाए.

31 दिसंबर तक भरें ताकि सभी को मौका मिले इस लिए पुलिस भर्ती अभ्यर्थी शितल शहारे, श्वेता शहारे, प्रती नगराळे, निकिता पारधी,दिक्षा पारधी, शीतल शरणागत, दिपीका चौधरी,संगिता राणे, पुनम कोबळे, दिक्षा पटले, रिमा पटले, शिल्पा पटले, काजल बोपचे, स्वाती इठूले, चांदणी पिंजारे, अश्विनी लांजेवार, दिपाली वनवे, भूमेश्वरी बनकर, भूमेश्वरी उके, निकिता शहारे, कल्याणी किरणापूरे, नेहा नेवारे, सोनू देव्हारे अन्य उपस्थित रह कर जिल्हाधिकारी भंडारा इनके मार्फत मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर मांग की

# शिक्षा निदेशक ने किया नव साक्षरता कक्ष का दौरा

**भंडारा.**

डॉ. पुणे के शिक्षा निदेशक (योजना) महेश पालकर ने हाल ही में जिले का दौरा किया। उन्होंने जिला परिषद भंडारा के बैठक कक्ष में रवींद्र सोनटक्के, शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक), रवींद्र सलामे, शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) की उपस्थिति में एक समीक्षा बैठक की। मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ बैठक में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई।

शिक्षा निदेशक ने जिले के विभिन्न नवसाक्षरता कक्षाओं का दौरा किया और निरक्षर पंजीकरण, स्वयंसेवी नवसाक्षर शिक्षण कक्षाएं, छात्रवृत्ति योजनाओं, राजीव गांधी दुर्घटना बीमा योजना, ईबीसी रियायत योजना आदि की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने लखानी तालुका समूह शिक्षा अधिकारी सुभाष बावनकुले और साकोली समूह शिक्षा अधिकारी विजय अदमाने को नवसाक्षरों और स्वयंसेवकों के पंजीकरण में उत्कृष्टता के



लिए सम्मानित किया।

इसके बाद, शिक्षा निदेशक ने नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत साकोली तालुका के जिला परिषद प्राथमिक विद्यालय जंबली (सड़क) में नवसाक्षरता कक्षा का दौरा किया। यहां नवसाक्षरों की कक्षाओं, सहज पठन, संख्या ज्ञान और गीत गायन पर संतोष व्यक्त किया। इस दौरान विद्यालय के सरपंच, स्कूल प्रबंधन समिति अध्यक्ष, प्रधानाध्यापिका और शिक्षकगण ने उनका जोरदार स्वागत किया। शिक्षा निदेशक ने मार्तंडराव कपगटे विद्यालय जंबली (रोड) का भी त्वरित दौरा किया और योजनाओं की समीक्षा की। इसके साथ ही विद्यार्थियों की सफलता की कामना की। दौरे के दौरान कक्षा-कक्षों, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना, छात्रवृत्ति कक्षा, नवोदय कक्षा, पुस्तकालय कक्ष आदि का निरीक्षण किया गया। अंत में, शिक्षा निदेशालय (योजना) पुणे कार्यालय के सहायक योजना अधिकारी लीना भागवत और उनके सहयोगियों ने अल्पसंख्यक प्रभाग द्वारा संचालित स्कूलों का दौरा किया और अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति, सारथी योजना, एनएमएमएस छात्रवृत्ति, कक्षा 5वीं व 8वीं छात्रवृत्ति योजनाओं की समीक्षा की। साथ ही जिला परिषद उच्च प्राथमिक विद्यालय बेला में नवभारत साक्षरता कक्षा का भी अवलोकन किया और नवसाक्षरों को शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस दौरान, नवसाक्षरों के पढ़ने, लिखने और संख्यात्मक कौशल की समीक्षा की गई और उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की गई।

# तहसीलदार को दिया गया ज्ञापन



**लाखांदूर.**

13 दिसंबर को महाराष्ट्र स्कूल पाठ्यपुस्तक में संत रविदास के साहित्य को शामिल करने के संबंध में राजू खवासकर अध्यक्ष के नेतृत्व में सुषमा प्रदीप मुले, सदस्य पंचायत समिति लाखांदूर द्वारा माननीय पवार साहब नायब तहसीलदार तहसील कार्यालय लाखांदूर को ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर लाखांदूर तालुका अध्यक्ष डॉक्टर प्रदीप मुले साहेब, पद्मा खवासकर, छाया आढळकर, बावने साहब उपस्थित थे।

# सरकारी निर्माण एवं अन्य निर्माण के लिए रेत उपलब्ध

**भंडारा.**

नई रेत नीति में दिए गए निर्देशों के अनुसार आम नागरिकों, गृह स्वामियों, सरकारी निर्माण श्रमिकों और अन्य निर्माण पेशेवरों को रेत उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है महाराष्ट्र सरकार द्वारा नो-प्रॉफिट-नो-लॉस आधार पर बिक्री मूल्य इस प्रकार है। इस मूल्य में स्वामित्व शुल्क (₹600 प्रति पीतल), जिला खनिज फाउंडेशन फंड , सिस्टम एकीकरण शुल्क (₹6.52 प्रति पीतल) भी शामिल है। उपरोक्त तहसील में उल्लिखित पीतल राशि के अलावा कोई अतिरिक्त राशि का भुगतान नहीं किया जाना चाहिए। यदि नागरिक बालू/बालू की बुकिंग कराना चाहते हैं तो सेतु केंद्र से ऑनलाइन कराना होगा। रेत परिवहन हेतु वाहन की स्वयं व्यवस्था की जाये।

साथ ही जिले में अवैध गौण खनिज परिवहन/खनन आदि पर अंकुश लगाने के लिए राजस्व विभाग की तालुका स्तरीय, जिला स्तरीय भरारी टीमें, पुलिस विभाग की ये भरारी टीमें कार्य कर रही हैं. यदि पाया जाता है तो संबंधित तहसीलदार, अनुविभागीय अधिकारी, जिला खनन शाखा, संबंधित पुलिस स्टेशन, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी, स्थानीय अपराध शाखा और पुलिस विभाग से संपर्क किया जाना चाहिए और इसकी जानकारी दी जानी चाहिए।

# मादक पदार्थों की बिक्री और भंडारण करने वालों पर कार्रवाई करें

> जिलाधिकारी डॉ. संजय कोलते ने दी जानकारी

**भंडारा.**

जिले में मादक पदार्थों की बिक्री, आपूर्ति या भंडारण करने वालों का पता लगाने के लिए, यदि कहीं भी नशीली दवाओं की बिक्री, आपूर्ति या भंडारण देखा जाता है, तो संबंधित के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए और तीन महीने मे समीक्षा बैठक आयोजित करनी चाहिए. कलेक्टर डॉ. संजय कोलते बैठक में कहा. 20 दिसम्बर को मादक द्रव्य निवारण समिति की बैठक आयोजित करते हुए जिला स्तरीय मादक द्रव्य समन्वय केन्द्र कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला शल्यचिकित्सक कार्यालय द्वारा डॉ. रत्नाकर बाडेबुचे, राज्य उत्पाद शुल्क विभाग एन. डी।मोनिका धवड़, खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग, प्रतिनिधि विजय जाधव, जिला सूचना अधिकारी, ईश्वर डेंगे, डाकघर, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला अस्पताल, भंडारा मनोज येराणे, शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक, जिला परिषद, भंडारा प्रतिनिधि डी. आर। शेंडे, पुलिस निरीक्षक नितिन कुमार चिंचोलकर, लोकल क्राइम ब्रांच भंडारा के साथ-साथ महाराष्ट्र राज्य नशा मुक्ति परिषद और निदेशक अस्तित्व नशा मुक्ति केंद्र भंडारा के पीयूष थावरे, इंडियन वेलफेयर इंटीग्रेटेड रिहैबिलिटेशन सेंटर फॉर एडिक्ट बेला, भंडारा की श्रीमती शालिनी



एग्लावे, भंडारा नशा मुक्ति केंद्र, पेट्रोल पंप के सौरभ कोल्हे/ जवाहरनगर, संकल्प एकीकृत नशामुक्ति उपचार एवं पुनर्वास केंद्र, भंडारा से रंजीत शिंगाड़े और अन्य उपस्थित थे। प्रत्येक दवा दुकान में सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी कि दवा दुकानों में बेची जाने वाली नशीली दवाएं चिकित्सा अधिकारियों द्वारा डॉक्टर की सलाह के बिना तो नहीं बेची जा रही हैं। जिलाधिकारी ने खाद्य एवं औषधि विभाग को कैमरे लगाने एवं निरीक्षण के प्रति सतर्क रहने के निर्देश दिये। स्कूली विद्यार्थियों में नशीली दवाओं के सेवन से विद्यार्थियों पर होने वाले दुष्प्रभाव के संबंध में जन जागरूकता शिविर आयोजित करने के निर्देश शिक्षा अधिकारी एवं नशा मुक्ति निदेशक को दिए गए। पोस्टमास्टर को कूरियर या डाक से आने वाले पार्सल का गहनता से निरीक्षण करना चाहिए। राज्य के बाहर या विदेश से आने-जाने वाले पार्सल की जांच के साथ-साथ पार्सल भेजने और प्राप्त करने वाले व्यक्ति के दस्तावेजों की भी जांच की जाये, यह निर्देश कोलते ने दिये.

# दलित अधिकार आंदोलन ने की शाह के इस्तीफे की मांग

**गोंदिया.**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी व अखिल भारतीय दलित अधिकार आंदोलन के आह्वान के अनुसार गोंदिया जिला शाखा के द्वारा एसडीओ कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया गया गृहमंत्री अमित शाह द्वारा संसद में डा. बाबासाहेब आंबेडकर आंबेडकर कहना फैशन हो गया है, अगर इसके बजाय उन्होंने भगवान से प्रार्थना की होती तो उन्हें सात जन्मों तक स्वर्ग मिलता,यह संसद में दिया गया वक्तव्य बहुत गंभीर और संविधान निर्माता डा. बाबासाहब और संविधान के बारे में आर आर एस नियंत्रित केंद्र की नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के मन में कुटील द्वेष भावना को उजगार करती हैं.




> एसडीओ कार्यालय के सामने किया प्रदर्शन

### भाजपा सरकार के मन में कुटिल द्वेष भावना

गृहमंत्री अमित शाह ने अपने गृहमंत्री पद से तुरंत इस्तीफा देने, परभणी की घटनाओं की विस्तृत जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन करने, पुलिस के अमानवीय अत्याचार से मृतक सोमनाथ सुर्यवंशी के परिजन को 50 लाख रु. का मुवावजा मिलने की मांग की गई. इस आंदोलन में हौसलाल रहांगडाले, मिलिंद गणवीर, रामचन्द्र पाटिल, करुणा गणवीर, प्रह्लाद उके, अशोक मेश्राम, परेश दुरुगवार, सुरेश रंगारी, गुणवंतराव नाइक, यशवंत रामटेके, जितेंद्र गजभिये, प्रकाश डहाट, भीमराव वासनिक, आनंद वासनिक और अन्य कार्यकर्ताओं का समावेश था.

# आंबेडकर की अवमानना के मामले में भंडारा जिला कांग्रेस आक्रामक

**भंडारा.**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाहा संसद में अपने भाषण में। बाबासाहब आबेंडकर के अपमान को लेकर प्रांताध्यक्ष नानाभाऊ पटोले के आदेश पर भंडारा के त्रिमूर्ति चौक पर जिला अध्यक्ष मोहन पंचभाई के नेतृत्व में जोरदार विरोध आंदोलन किया गया.

भंडारा में विश्राम भवन क्षेत्र से त्रिमूर्ति चौक तक कांग्रेस पदाधिकारियों ने डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की तस्वीर हाथ में लेकर जोरदार नारेबाजी करते हुए आक्रामक प्रदर्शन किया. इस मौके पर ''बाबा साहेब का ये अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्थान'', ''जय भीम, जय भीमके'' जोरदार उद्घोष किया गया. चुनाव से पहले-चुनाव के बाद अपने नायकों और देवताओं को बदलना भारतीय जनता पार्टी का फैशन है। भारतरत्न डॉ. अम्बेडकर ने भारत में समानता का स्वर्ग बनाया, इसलिए हम अम्बेडकर का नाम लेते हैं और लेते रहेंगे।

मोहन पंचभाई ने आलोचना करते हुए कहा कि आम लोगों को उनका हक और अधिकार दिलाने वाले संविधान निर्माता बाबा साहब अंबेडकर को कभी भी उनका अपमान हम बर्दाश्त नहीं करेंगे भाजपा से डॉ. बाबा साहब आबेंडकर का अपमान किया गया है.

यह न सिर्फ उनका बल्कि संविधान और जनता का भी अपमान है. बाबा साहब ने सभी समाज के लोगों को न्याय दिया। क्या नीतीश कुमार, रामदास अठावले और सत्ता में बैठे सहयोगी अपमानित महसूस नहीं करते जैसा हम महसूस करते हैं? अगर उन्हें ऐसा लगता है तो उन्हें विरोध करना चाहिए, उन्हें सड़कों पर उतरना चाहिए. इस तरह की आलोचना मुख्य रूप से उपस्थित पदाधिकारियोंने की गई। इस बार मुख्य रूप से मोहन पंचभाई, जयश्री बोरकर, धनराज साठवणे , पूजा ठवकर, और, धनंजय तिरपुडे, पवन वंजारी, विनीत देशपांडे, मनोज बागड़े, प्यारेलाल वाघमारे, योगराज झलके, प्रशांत देशकर, राजेश हटवार, गजानन झंझाड , योगेश गायधने। ,विजय शहारे,विपिन बोरकर,भगवान नवघरे,पंकज उके,नवाब भाई, रामटेके, स्वाति हेडाऊ, सारिका नागदेवे, कुंदा आगासे, स्वाति बोम्बले, सुगत शेंडे, आकाश ठवकर, बिट्टू सुखादेव, श्रीकांत बंसोड़, प्रफुल्ल शेंडे, मूलचंद ईश्वरकर, रवि तिरपुडे, शेखर ईश्वरकर, अजय चावले, संजय सर्वे, भरत मेश्राम, रोहित खोबरागड़े, पुंडलिक मोटघरे, सोनू कोटवानी, नन्थु खंडाईत नरेशचंद्र कावले, सचिन हिंगे, नरेंद्र रामटेके एवं कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे.




> त्रिमूर्ति चौक पर कांग्रेस का धरना प्रदर्शन

# पांगोली नदी का पुल लोगों के लिए जानलेवा

**> 20 फीट ऊंचे पुल की रेलिंग नहीं होने के बावजूद नागरिकों का आवागमन जारी**



**गोंदिया.**

पिछले कुछ वर्षों से जिले में कुछ विभाग जन प्रतिनिधियों के निर्देशों की भी अनदेखी कर रहे हैं. छोटा गोंदिया के पास पांगोली नदी पर बने 20 फीट ऊंचे पुल की सुरक्षा रेलिंग गायब हो गई. इस पुल पर प्रतिदिन कम से कम 15 हजार नागरिक यात्रा करते हैं. कुछ माह पहले सांसदों ने स्वयं दौरा कर तत्काल दोनों तरफ रेलिंग लगाने के निर्देश दिए थे. लेकिन अभी तक विभाग को समय नहीं मिल पाया है. पांगोली नदी जिले के तीन तहसीलों की जीवनदायिनी है.

पेयजल से लेकर कृषि सिंचाई तक यह नदी किसानों के लिए उपयोगी है. लेकिन सभी ने इस नदी को नजरअंदाज कर दिया. यह नदी गोंदिया शहर के निकट बहती है. छोटा गोंदिया के पास नदी पर एक छोटे पुल पर बाढ़ का पानी बहने से पुल के दोनों ओर लगाए गए सुरक्षा रेलिंग गायब हो गए. 10 फीट चौड़े इस पुल से हर दिन कम से कम 15 हजार लोग गुजरते हैं. यह कातुरली, इर्री, नवरगांव, गुदमा, दत्तोरा, दागोटोला, नवरगांवकला, आसोली, बटाना, छोटा नवरगांव, चुलोद और अन्य गांवों के निवासियों के लिए एक मार्ग है. इसके अलावा स्कूल आने वाले छात्र-छात्राएं भी यहीं से आते-जाते हैं.

**सड़क की हालत काफी दयनीय**

पुल से एक बड़े निजी स्कूल में जाने वाले वाहन भी इसी रास्ते से गुजरते हैं. इस सड़क की हालत काफी दयनीय हो गई है. इसके अलावा इस पुल पर कोई रेलिंग नहीं होने से यहां किसी भी वक्त बड़ा हादसा होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है. कुछ माह पहले पूर्व सांसद सुनील मेंढे ने नदी का निरीक्षण किया था और अधिकारियों को तत्काल रेलिंग लगाने का निर्देश दिया था. अधिकारियों ने हां कह कर समय काट लिया. लेकिन अभी तक रेलिंग नहीं लगाई गई. अब नागरिकों की मांग है कि नवनिर्वाचित सांसद व विधायक जान माल का नुकसान रोकने के लिए रेलिंग लगाने की ओर ध्यान दें.

## कांग्रेस का मौन प्रदर्शन, अमित शाह के इस्तीफे की मांग

**सौंसर.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के खिलाफ की गई कथित अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस ने शुक्रवार को मौन रैली का आयोजन किया। इस रैली की शुरुआत ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय से हुई, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुंह पर काली पट्टी बांधकर बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा के सामने मौन धारण कर विरोध प्रकट किया। रैली बस स्टैंड से होते हुए तहसील कार्यालय पहुंची, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार भावना मलगाम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अमित शाह के खिलाफ कार्रवाई और उनके इस्तीफे की मांग की गई। इस प्रदर्शन में कांग्रेस के प्रमुख नेता और कार्यकर्ता, जिनमें भागवत महाजन, डॉ. राजेंद्र यमदे, अशोक चौधरी, केशव बोढे, विलास जोगी, देवेंद्र केदार, चंद्रशेखर गुर्वे, ज्ञानेश्वर गावंडे, पंकज दातारकर, प्रशांत महाले, डॉ. राजेश सोमकुवर, मारोती कारोकार, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और ब्लॉक कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# श्रावणी डीके और स्नेहल ढोरे ने जुडो में जीता गोल्ड मैडल



### 68 राष्ट्रीय शालेय जुडो स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन

**दिग्रस.**

त्रिपुरा अगरतला में संपन्न हुई 68 वीं राष्ट्रीय शालेय जुडो स्पर्धा में महाराष्ट्र का प्रतिनिधित्व कर दिग्रस शहर की दो बेटियों ने न सिर्फ गोल्ड मैडल जीता बल्कि महाराष्ट्र को उपविजेता का किताब भी दिलाया.

स्थानीय जुडो खिलाडी स्नेहल नंदकिशोर ढोरे ने 36 किलो वजन गुट में और श्रावणी सतीश डीके ने 57 किलो वजन गुट में त्रिपुरा (अगरतला) में 11 से 13 दिसंबर के दौरान संपन्न हुई उक्त स्पर्धा में यह कारनामा कर दिखाया. हाल ही में गोल्ड मेडल विजेता स्नेहल ढोरे और श्रावणी डीके का दिग्रस में शानदार तरीके से स्वागत किया गया. सबसे पहले स्थानीय मॉर्निंग वॉकर्स ग्रुप ने पुराने पेट्रोल पंप के पास फटाखे जलाकर स्नेहल और श्रावणी का उत्साह के साथ स्वागत किया. इसके बाद छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर बैंड बाजे के साथ इन विजेता खिलाड़ियों का स्वागत किया गया. इस मौके पर दोनों खिलाड़ियों के परिजनों,परिचितों और शहर की क्रीड़ा प्रेमी जनता ने गर्मजोशी से स्नेहल ढोरे और श्रावणी डीके के शहर आगमन की खुशियां मनाई. इस मौके पर जूड़ो के प्रमुख कोच तथा शिव छत्रपत्ति क्रीड़ा पुरस्कार विजेता डॉ रविभूषण कदम सर ने स्नेहल ढोरे और श्रावणी डीके को फूलों की माला पहनाकर उन्हें जीत की बधाई दी. दिग्रस शारीरिक शिक्षण शिक्षक संगठन ने भी स्नेहल और श्रावणी का पुष्पगुच्छ से स्वागत कर मोमेंटो प्रदान किया.

## अवैध शराब के खिलाफ आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

**> महुआ लाहन और कच्ची शराब बरामद**

**सौंसर.**



मध्य प्रदेश के आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल के निर्देशानुसार और पांढुरना कलेक्टर श्री अजय देव शर्मा के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी श्री अजीत एक्का के मार्गदर्शन में सौसर आबकारी वृत्त द्वारा अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत ग्राम आमाकुई और निशान बामला के नालों और जंगल क्षेत्रों में दबिश दी गई।


कार्रवाई के दौरान ग्राम आमाकुई में दो चढ़ी भट्टियों सहित 300 किलोग्राम महुआ लाहन प्लास्टिक ड्रमों में भरा हुआ पाया गया, साथ ही 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। वहीं, ग्राम निशान बामला में 5 प्लास्टिक ड्रमों में भरे हुए 500 किलोग्राम महुआ लाहन को जब्त किया गया। कार्रवाई के दौरान आरोपी मौके से फरार हो गए। अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क और 34 च के तहत मामला दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। इस अभियान में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जी.एल. मरावी, आबकारी आरक्षक जितेंद्र सिंह, उत्कर्ष ठाकरे और कु. भावना हेडाऊ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# भाजपा जिला अध्यक्ष पद के लिए तेज हुईं चर्चाएं

**पांढुर्णा.**

पांढुर्णा के नए जिले का गठन होते ही यहां की राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। भारतीय जनता पार्टी के नए जिला अध्यक्ष के चयन को लेकर चर्चाएं जोरों पर हैं। बीते दिनों भाजपा संगठन ने मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की थी, और अब जिला अध्यक्ष पद के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

इस माह के अंत तक जिलाध्यक्ष के चयन के लिए रायशुमारी होगी। इसमें जिले के सांसद, पूर्व विधायक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, मंडल अध्यक्ष, और जिला प्रतिनिधियों से राय ली जाएगी। इसके बाद चयनित नामों का पैनल प्रदेश कार्यालय भेजा जाएगा, जहां प्रदेश स्तरीय समिति अंतिम निर्णय लेकर जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा करेगी।





जिलाध्यक्ष पद की दौड़ में भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ युवा नेता भी अपनी दावेदारी पेश कर चुके हैं। इच्छुक उम्मीदवार भोपाल का रुख कर रहे हैं ताकि अपनी दावेदारी मजबूत कर सकें।

सूत्रों के अनुसार, भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने जिलाध्यक्ष के चयन के लिए कई मापदंड तय किए हैं। इनमें सक्रिय सदस्यता, उम्र सीमा (45 से 60 वर्ष), और संगठन में अनुभव जैसे बिंदु शामिल हैं। हाल ही में हुए मंडल अध्यक्षों के निर्वाचन में भी इन नियमों का कड़ाई से पालन किया गया। वर्तमान जिलाध्यक्ष वैशाली महाले की नियुक्ति को अभी एक वर्ष भी पूरा नहीं हुआ है, लेकिन गुटबाजी के चलते उनके नाम पर सहमति बनने की संभावना कम है। जिन प्रमुख नामों की चर्चा हो रही है, उनमें वर्तमान जिलाध्यक्ष वैशाली महाले, जिला सहचुनाव अधिकारी संदीप मोहोड़, देवीदास राउत, जिला उपाध्यक्ष राजू रेवतकर और पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी खुरसुंगे शामिल हैं। पूर्व मंत्री नाना मोहोड़ के पुत्र और जिला महामंत्री राहुल मोहोड़ तथा प्रदेश भाजपा प्रवक्ता अजय धवले भी दावेदार हो सकते हैं, लेकिन उनकी उम्र मापदंड के अनुरूप नहीं है।

### संदीप मोहोड़ के नाम पर बन सकती है सहमति?

सौसर-पांढुर्णा क्षेत्र का सामाजिक समीकरण कुनबी और तेली बाहुल्य है। ऐसे में जिला पंचायत सदस्य संदीप मोहोड़ के नाम पर सहमति बनने की संभावना है। उनकी छवि एक सुलझे हुए जनप्रतिनिधि की है और वे जनता के बीच लोकप्रिय हैं। पूर्व मंत्री नाना मोहोड़ के परिवार से जुड़े होने के कारण उन्हें सौसर क्षेत्र में व्यापक समर्थन मिल सकता है। जिला पंचायत चुनाव में उन्होंने 9,000 से अधिक मतों से जीत हासिल की थी। भाजपा के नए जिलाध्यक्ष का चयन संगठन की एकजुटता और पांढुर्णा जिले की राजनीतिक दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## पूर्व मंत्री नाना के प्रयासों से होगा गरीबों का उपचार

**सौंसर.** मध्य प्रदेश शासन की मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान योजना से सौसर विधानसभा के 8 जरूरतमंद लोगों का उपचार संभव हो सका है। पूर्व मंत्री नाना मोहोड के प्रयासों से मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा उपचार हेतु हजारों रुपए की राशि स्वीकृत कराई है। जिसमे अरुण जोगी कबर पीपला 30 हजार, गुरुदेव सावली 30 हजार, प्रवीण उफाट वार्ड 15 सौसर 40 हजार, दिलीप सुखमन हेडाउ वार्ड 3 सौसर 20 हजार, वंदना भाड़े पारडसिंगा 30 हजार, लक्ष्मण कुमेरिया कबर पीपला 30 हजार, संजय धोडी सिवनी 15 हजार, गुलाब वाड़बुडे मोहगांव 30 हजार, मनोहर ठाकरे चिमन खापा 30 का समावेश है। मोहोड ने पीड़ितों के सहयोग पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।


Nippon india Mutual Fund
Wealth sets you free

**Mutual Fund Investor Awareness Program**

To increase awareness about Mutual Funds, we conduct Investor Awareness Programmes (IAPs) across the country. Schedule of upcoming IAP is as mentioned below:

| Date | Time | Location |
| --- | --- | --- |
| 23rd Dec, 2024 | 06.00 pm onwards | Nagpur |

**Venue:** Haldirams, Shankar Nagar, Nagpur-440010.
**Name:** Prayag Joshi I **Mob.:** 8655876395

Nippon Life India Asset Management Limited I CIN: L65910MH1995PLC220793

Good gets better

Mutual Fund investments are subject to market risks,read all scheme related documents carefully.